# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
## जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़)

# ACTIVITY ALBUM

## (2017-18)

# छत्तीसगढ़ युवा सूचना क्रांति योजना अंतर्गत टेबलेट वितरण कार्यक्रम
## दिनांक-01.06.2017





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में छत्तीसगढ़ युवा सूचना कांति योजनान्तर्गत सत्र 2016–17 के स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम दिनांक 01.06.2017 दिन गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे माननीय श्री श्रवण मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य, माननीया श्रीमती प्रेमलता नागवंशी अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता तथा जनभागीदारी समिति के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत् अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को अतिथिगणों द्वारा टेबलेट वितरण किया जाकर उन्हें आधुनिक सूचना एवं संचार क्रांति के साथ जुड़कर नवीन तकनीकों को अपनाया जाकर देश के विकास में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-21.06.2017





दिनांक 21.06.2017 को छात्र–छात्राओं को संस्था मे योगा प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योग प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनभागीदारी समिति के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। योगा का उद्देश्य बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ बनाये रखने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में अनुभाग नगरी में स्थित समस्त शासकीय शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक संस्थाओं एवं विभिन्न विभागों के लिए सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक श्री तिवारी जी के द्वारा विभिन्न योगों के बारे में सविस्तार व्याख्या कर योगाभ्यास करवाया गया। उक्त सामूहिक योग दिवस कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने योग के पांच प्रकार बताये–जपयोग, **कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, राजयोग। उन्होने योग के अश्टम भी बताये–यम,** नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। योगाभ्यास करने से जहां शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता में व रक्तदान में ऑक्सीजन की मात्रा में वृद्धि होती है व कई बीमारी ठीक हो जाती है।

**मतदाता जागरुकता अभियान (स्वीप)के अंतर्गत लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर**

**प्रश्नमंच दिनांक-21.07.2017**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के तारतम्य में युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति महत्व एवं जागरुकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से तथा ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम नही है उनका **नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विशेष अभियान (Special Drive)**के अंतर्गत "लोकतंत्र में मतदान के महत्व" विषय पर दिनांक 21 जुलाई 2017 को प्रश्नमंच





कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त प्रश्नमंच में महाविद्यालय के कला,विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया । उक्त प्रतिस्पर्धा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी एवं नोडल ऑफिसर प्रो. मनोज कुमार शर्मा ने दिया।

## स्वच्छता संकल्प का आयोजन दिनांक-01.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत संकल्पना को पूरा करने के लिए दिनांक 01.08.2017 को स्वच्छता संकल्प का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के तारतम्य में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी के द्वारा स्वच्छता संकल्प दिलाया गया तथा स्वच्छता अपनाने एवं स्वच्छता हेतु दूसरों को भी अभिप्रेरित किये जाने हेतु छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। उक्त





कार्यक्रम में महाविद्यालय के रासेयो के स्वयं सेवकों ने भी भाग लिया एवं छात्र/छात्राओं तथा स्वयं सेवकों ने परिसर के साफ–सफाई का कार्य किया ।



## हरियर छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक–02.08.2017

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में "हरियर छत्तीसगढ" अभियान के अन्तर्गत् पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्षा **माननीय श्रीमति प्रेमलता नागवंशी, जनभागीदारी समिति के माननीय सदस्य एवं** विधायक प्रतिनिधि श्री हृदयलाल जी साहू, ग्राम छिपली के सरपंच श्री त्रिभुवन बिसेन जी तथा प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी की गरिमामयी उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण का कार्यकम दिनांक 02/08/2017 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न किया गया ।







## नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण समारोह दिनांक-19.08.2017

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के नवनिर्मित अतिरिक्त व्याख्यान कक्ष के लोकार्पण समारोह दिनांक 19.08.2017 को माननीय श्री केदार









कश्यप जी, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, विकास एवं स्कूल शिक्षा मंत्री, के मुख्य आतिथ्य एवं माननीय श्री श्रवण मरकाम जी, विधायक, सिहावा विधानसभा के विशेष आतिथ्य एवं समस्त सम्माननीय जनभागीदारी सदस्यगण एवं गणमान्य अतिथियों के उपस्थिति में गरिमामयी समारोह में सम्पन्न हुआ। अपने प्रेरणात्मक उद्बोधन में मंत्री जी ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिसमें न सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनने की हो, बल्कि आपकी **शिक्षा राश्ट्रवाद होनी चाहिए जिससे आप में राश्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान होना चाहिए।** कम्प्यूटर, फोटोकॉपी मशीन ये तो हो ही जायेगा व्यक्तित्व का निर्माण करना कठिन है।

**छात्रसंघ शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिनांक-31.08.2017**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में नवगठित छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं मनोनीत कक्षा प्रतिनिधियों को एक गरिमामयी समारोह में महाविद्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।





उक्त कार्यकम में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने नवगठित छात्रसंघ के मनोनीत पदाधिकारियों कमशः कु.निर्मला(अध्यक्ष), कु.गायत्री ध्रुव(उपाध्यक्ष), श्री ओषांक देवांगन(सचिव), कु.अंशुबाला(सहसचिव) एवं समस्त कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करवाकर महाविद्यालय एवं छात्र/छात्राओं के विकास में अपना योगदान प्रदान करने की अपील करते हुए सभी को महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामना प्रेषित की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय के स्वस्थ एवं स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण के निर्माण एवं छात्र–छात्राओं के बौद्धिक विकास के लिये सतत् प्रयत्नशील रहने हेतु पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों को प्रेरित किया गया । उक्त कार्यकम में पदाधिकारियों को छात्रसंघ गठन के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में भी अवगत कराया गया ।

## हिन्दी दिवस दिनांक-14.09.2017





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के छात्र–छात्राओं द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी साहित्य **परिशद का गठन** सर्वसम्मति से किया गया। इसके साथ ही साहित्य परिसद् द्वारा अंचल के साहित्यिक गतिविधियों में विशिष्ट स्थान रखने वाले एवं योगदान देने वाले साहित्यकारों एवं गणमान्य पत्रकारों को आमंत्रित किया जाकर उन्हे सम्मानित किया गया तथा हिन्दी भाषा की विकास एवं उसकी उपयोगिता पर एक औपचारिक संवाद कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें आमंत्रित प्रबुद्ध साहित्यकारों एवं पत्रकारगणों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी ई-सुरक्षा चेतना कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-22.09.2017






शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में थाना नगरी के सहयोग से महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन ठगी एवं जालसाजी से बचाव एवं सतर्कता बरतने के संबंध में एक दिवसीय विद्यार्थी ई–सुरक्षा चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के विशेष वक्ता के रूप में आरक्षी केन्द्र नगरी के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पुलिस श्री रीतेश चौधरी एवं निरीक्षक श्री कश्यप जी एवं पुलिस थाना नगरी से आए अधिकारियों ने ऑनलाईन ठगी एवं जालसाजी के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित महाविद्यालयीन अधिकारी एवं छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा ऑनलाइन ठगी एवं बैंक ए.टी.एम. फ्रॉड से संबंधित आने वाले अवांछित फोन कॉलों एवं संदेशों से दूर रहते हुए अपनी किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत एवं बैंक खातों से संबंधित जानकारी को शेयर करने हेतु मना किया गया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन दिनांक-24.09.2017






24 सितम्बर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना के अवसर पर मुख्य अतिथि नंदकुमार यादव जी, अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, कार्यक्रम अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि ने स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर **कार्यक्रम का भुभारंभ** किया गया। उपस्थित अतिथियों का कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने पुष्प गुच्छ एवं गुलाल लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र–छात्राओं में नेतृत्व गुण का विकास होता है। कार्यक्रम आयोजन एवं **पभासन की सीख मिलती है तथा संपूर्ण** व्यक्तित्व का विकास होता है। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को अपने आस–पास के मानवीय प्रकृति अनुभव कराती है तथा उन्हे देश का अच्छा नागरिक बनने में सहायता करती है ।

## स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के वर्षगांठ के उपरांत थीम आधारित स्वच्छता कार्यक्रम के तारतम्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक-02.10.2017



**स्वस्थ शरीर में स्वस्थ** आत्मा का वास होता है। स्वस्थ भारत का सपना महात्मा गांधी **जी का था। हमारे राष्ट्रीय** पिता महात्मा गांधी जी का सपना साकार करने के लिए हमें एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ाना चाहिए। हमारे देश में स्वच्छता नहीं होगी तो इससे कई बीमारियां उत्पन्न होंगी इसलिए हमारा स्वच्छता की ओर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।



''हम सब ने यह ठाना है।
भारत स्वच्छ बनाना है।।''

इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी द्वारा नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं एवं **अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई तथा प्रति सप्ताह** 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को पूर्ण करने हेतु महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं एवं अधिकारी/कर्मचारियों को प्रेरित किया गया उन्होने बताया कि गांधी जी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ, समृद्ध एवं स्वस्थ विकसित देश की कल्पना भी थी।

**महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जिला धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका विषय पर एक दिवसीय लघु संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-04.10.2017**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 04.10.2017 दिन बुधवार को अपरान्ह 12.00 बजे सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका विषय पर अजीम प्रेमजी फांउडेशन (जिला धमतरी) एवं महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय लघु संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। उक्त लघु संगोष्ठी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन (जिला धमतरी) से प्रमुख अतिथि वक्तागणों के रूप में श्री विनोद वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक, श्री नवीनत





बेदार (जिला प्रमुख, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जिला धमतरी) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की। उक्त आयोजन में पधारे वक्तागणों ने सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका विषय पर अपने विचार महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों के समक्ष रखे। प्रमुख वक्ता श्री विनोद वर्मा ने परिवर्तन प्रकृति का नियम है एवं समाज में भिन्न–भिन्न कारणों से होने वाले परिवर्तनों **के परिणामस्वरूप मनुश्य और समाज में आये सामाजिक** परिवर्तनों एवं शिक्षा के प्रति पनप रहे वैचारिक पिछड़ेपन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमें वैचारिक मतभेदों को भुलाकर नवीन नवाचारों को प्रेरित करते हुए समय के साथ अपनी परंपरागत सोच को बदलने का युग है। शिक्षा का मूल मंत्र लगातार बदलाव एवं परिवर्तनों को बढ़ावा देना है जो कि आज सामाजिक विकास के लिए अवश्यंभावी है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक-31.10.2017





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 31.10.2017 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया गया । इस अवसर पर छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया । इसके पश्चात छात्रसंघ के पदाधिकारी, सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली । इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के लिये चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता तथा दिनांक 02.10.2017 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी एवं शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है ।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन दिनांक-02.11.2017





शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी एवं जिला चिकित्सालय धमतरी के सहयोग से रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए महाविद्यालय में दिनांक 02.11.2017 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों एवं अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों और छात्र–छात्राओं ने उपस्थित होकर स्वप्रेरणा से अनुभवी चिकित्सकगणों की देखरेख में 25 स्वयं सेवकों के द्वारा स्वस्फूत रक्तदान किया।

**मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन**
**दिनांक-30 अक्टबूर 2017 से 04 नवम्बर 2017 तक**





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली से प्राप्त पत्र के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 30 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2017 तक "मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत "विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के तारतम्य में दिनांक 30 अक्टुबर 2017 को महाविद्यालय परिसर में कार्यरत समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को शासकीय कार्यों में पूर्णतया निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण कार्यशैली अपनाते हुए अपने कर्त्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण हेतु महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी द्वारा संकल्प एवं प्रतिज्ञा दिलाई गई। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक-17.11.2017 से 23.11.2017 तक ग्राम पंचायत पोड़ागांव (घटुला) में**



राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय में अध्ययनरत स्वयं सेवक ज्ञानर्जन के साथ–साथ सामाजिक सेवक, श्रमदान, रक्तदान, आपदा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के न केवल शहरी वातावरण में बल्कि सुदुर वनांचलों में राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा अनेकानेक सकारात्मक पहल कर भारतीय संस्कृति के अनुरूप मानवतावादी गुणवत्ता को स्थापित करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। **राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा भाक्ति**





अपने संकल्पों को साकार करने में कृत संकल्प है। भौतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक अन्य अनेकानेक संभावनाओं के साथ छात्र–छात्राओं को प्रगतिशीलता के मार्ग पर अग्रेषित करने का महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य होता है। उक्त उद्देश्यों को सकारात्मक रूप से अपने युवा जीवन में कार्यरूप में परिणित करने हेतु शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की **राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पुरूश एवं महिला इकाई का वार्शिक सात दिवसीय** शिविर का सफल आयोजन दिनांक 17 नवम्बर से 23 नवम्बर 2017 तक नगरी तहसील के ग्राम पंचायत पोड़ागांव में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ए.के.ध्रुव के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

**एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशती समारोह के अवसर पर विविध प्रतिस्पर्धाओं का सफल आयोजन दिनांक-25.11.2017**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 08.12.2017 को पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पं.दीनदयाल जी के जीवन एवं आदर्शों से संबंधित विषय पर विविध प्रतियोगिताओं एवं परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया । उक्त प्रतिस्पर्धाओं में पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के बताये गये आदर्शों एवं एकात्म मानववाद की भावना को





जनमानस में प्रचार प्रसार करने एवं देश में लोगों को आपसी सदभावना एवं मानवीय उच्चतर मूल्यों को बनाये रखते हुए परस्पर मेलजोल एवं प्रेम से रहने का संदेश देने के उद्देश्य से युवा छात्र–छात्राओं में विविध प्रतिस्पर्धाओं जैसे वादविवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त प्रतियोगिताओं मे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया । इसके साथ ही पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन वृत्त एवं उनके बताये मार्ग एकात्म मानववाद की भावना को रेखांकित करते हुए एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों / प्राध्यापकगण तथा छात्र–छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये ।

## संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन दिनांक-26.11.2017



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं एवं कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी के द्वारा संविधान की प्रस्तावना के परिपालन की शपथ दिलाई गई एवं एक जिम्मेदार नागरिक होने के कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का आभास कराते हुए भारतीय संविधान की प्रतिष्ठा एवं उसमें लिखी बातों को अपने जीवन में अमल लाए जाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं में भारतीय संविधान के महत्व विषय पर महाविद्यालय में वाद–विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया साथ ही निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से युवा छात्र–छात्राओं के मन में संविधान के प्रति जागरूकता एवं उनकी अभिव्यक्तियों को चित्रित करने का एक सफल प्रयास प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया गया।



**विश्व एड्स दिवस पर एक दिवसीय विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन**

**दिनांक-01.12.2017**



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01.12.2017 को शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में एच.आई.वी. / एड्स से बचाव एवं रोकथाम के प्रचार–प्रसार हेतु छात्र / छात्राओं में जागरूकता लाने के प्रयासों के अंतर्गत एक दिवसीय जन–जागरूकता संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की। इस एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता के रूप में डॉ. ए.आर.ठाकुर, नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति धमतरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.ए.के.नेताम, श्री ए.के. त्रिपाठी जी एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रभारी श्री हितेन्द्र कुमार साहू ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। उपस्थित स्त्रोत वक्तागणों ने अपने सम्बोधनों में उपस्थित छात्र–छात्राओं को एच.आई. वी. एवं एड्स वायरस के फैलने से बचाव हेतु जागरूक किया एवं इसके बारे में अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया। उपस्थित वक्तागणों ने एच.आई.वी. एड्स के फैलने के तरीकों एवं इसके उपचार के बारे में विस्तार से छात्र–छात्राओं को जानकारी प्रदान की और इससे पीड़ित मरीजों के बारे में फैली भ्रांतियों के बारे में भी चर्चा की और कहा कि एच.आई.वी. एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति प्यार और सहानुभूति की जरूरत है ताकि उन्हे समाज में सामान्य जीवन जीने हेतु सहयोग एवं प्रेरित किया जा सके।



## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला धमतरी की ओर से राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक-02.12.2017



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी के सहयोग से दिनांक 02.12.2017 **को शासकीय** सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालयीन युवा छात्र–छात्राओं को आकस्मिक रूप से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं से निपटने एवं आम नागरिकों के जान–माल की रक्षा हेतु आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराये जाने के तारतम्य में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला धमतरी के रेडक्रॉस प्रभारी श्री सी.एल.साहू तथा उनके सहयोगी रेडक्रॉस वालेंटियर्स के द्वारा महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित वक्तागणों ने छात्र–छात्राओं को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना, इतिहास एवं उसके उद्देश्यों से अवगत कराते हुए निःस्वार्थ जनसहयोग एवं कल्याण की भावना से ओत–प्रोत रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े सदस्यों एवं उसकी सदस्यता ग्रहण करने के संबंध में छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया । इसके साथ ही वक्तागणों द्वारा किसी भी प्राकृतिक आपदाओं से तत्काल निपटने एवं आपदाओं से पीड़ित नागरिकों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराते हुए उन्हे उचित चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाये जाने हेतु युवा छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। युवा छात्र–छात्राओं ने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों से किसी भी आकस्मिक आपदा से निपटने के संबंध में त्वरित उपाय अपनाये जाने के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्राप्त की तथा कार्यशाला में आए वक्ताओं से अपनी जिज्ञासाओं के समाधान हेतु विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से समाधान प्राप्त किया तथा स्वयं भी महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़कर जनसेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।





## राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-10.12.2017





**10 दिसम्बर को राष्ट्रीय** सेवा योजना इकाईयों के द्वारा मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ए.के.ध्रुव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आंतरिक दृष्टि से सभी मनुष्य समान हैं और कोई भी व्यक्ति दूसरों का नौकर होने के लिए पैदा नहीं हुआ है। सभी आधुनिक लोकतांत्रिक देशों में विभिन्न संरचनायें स्थापति की गई हैं। जो अधिकारों के संरक्षण के लिये कुछ नियम बनाती है और लोगों को जागरूक करने का कार्य करती है। इस **घोशणा पत्र में मनुष्य** की सभी बुनियादी आवश्यकताओं तथा लोकतंत्र के मुख्य बिंदुओं जैसे स्वतंत्रता, समानता, न्याय तथा व्यक्तिगत गरिमा आदि को स्वीकार करते हुए कई अधिकार शामिल किये गये । इन अधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए सभी देशों में मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास हेतु भाषण, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन तथा जन जागरूकता फैलाने हेतु रैली, नुक्कड़ नाटक आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## यूथ स्पार्क......खेलेगा छत्तीसगढ़, जितेगा छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक-22.12.2017

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 22.12.2017 को युवाओं के लिए यूथ स्पार्क....खेलेगा छत्तीसगढ़, जितेगा छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त संकायों के छात्र–छात्राओं ने बडी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। उक्त प्रतिस्पर्धा में युवा छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रथम चरण के अंतर्गत दिये गये 4 विषयों (अ–छ.ग. राज्य का कौन सा पर्यटन स्थल आपको प्रिय है और क्यों? ब–छ.ग. **भासन की कौन सी** कल्याणकारी योजना आपको सर्वाधिक महत्वपूर्ण लगती है और क्यों? स–छ.ग. राज्य के किस व्यक्तित्व से आप प्रेरित होते हैं और क्यों? उदाहरण स्वरूप–सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि। द–छ.ग. राज्य निर्माण के पश्चात् राज्य सरकार के विभिन्न कार्यों के माध्यम से छ.ग. राज्य को विकास की दृष्टि से देश में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने का प्रयास किया है, आप सहमत हैं या तो क्यों? इनमें से किसी भी एक विषय में अधिकतम 10 वाक्य अपने शब्दों में लिखकर जमा करने के लिए निर्देशित किया गया था।





**जीने की कला (ART of Living) विषय पर एक दिवसीय युवा प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन दिनांक-23.12.2017**

महाविद्यालय में दिनांक 23.12.2017 को श्रीश्री रविशंकर प्रसिद्ध अध्यात्म गुरु के अनुयायी एवं प्रशिक्षक योग गुरु श्री दुर्गेश रावटे एवं श्रीमती संगीता रावटे के द्वारा महाविद्यालय के सहयोग से अध्ययनरत युवा छात्र–छात्राओं के लिये चिंता एवं तनाव से मुक्त रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाये जाने हेतु प्रेरित करने की दिशा में जीने की कला **(ART of Living)**विषय पर एक दिवसीय युवा प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया उक्त युवा प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी ने की तथा अपने उद्घाटन उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने युवा छात्र–छात्राओं को वर्तमान में विभिन्न



तनाव एवं चिंता से उत्पन्न होने वाली शारीरिक बीमारियों एवं व्याधियों से सचेत करते हुए स्वस्थ खानपान एवं नियमित दिनचर्या अपनाये जाने हेतु युवाओ को प्रेरित





किया । कार्यकम के वक्ता श्री दुर्गेश रावटे एवं श्रीमती संगीता रावटे द्वारा जीने की कला **(ART of Living)**संस्था द्वारा समय समय पर लगाये जाने वाले शिविरों से जुड़कर इसके महत्त एवं उपयोगिता से अवगत कराया गया । साथ ही युवाओं को नियमित एवं स्वस्थ खानपान अपनाने सदैव प्रसन्नचित्त रहने तथा नशे एवं मध्यपान आदि व्यसनों से दूर रहकर स्वयं को हमेशा स्वस्थ एवं निरोगी बनाये रखते हेतु आवश्यक टिप्स प्रदान किये गये । उक्त आयोजन का लाभ महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने लिया तथा एक योग्य एवं कुशल नागरिक बनकर इस देश के विकास एवं उन्नति हेतु एक योग्य नेतृत्व प्रदान करने का संकल्प भी लिया ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन दिनांक-12.01.2018



राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने स्वामी विवेकानंद के जन्मतिथि 12 जनवरी के अवसर पर स्वामी जी के चित्र में माल्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों से अपने उद्‌बोधन में कहा स्वामी जी कहते हैं कि युवाओं को सबसे पहले शक्तिशाली बनना चाहिए क्योंकि शक्ति ही जीवन है तथा कमजोरी मृत्यु इसलिए युवाओं को शक्तिशाली बनने के लिए खेलना चाहिए।समाज और सौष्ठव और गौरव की वापसी में युवाओं की बड़ी भूमिका होती है। भारतीय समाज जितना खुला है उसके कई अधिक बंद है। समाज का मन बदले, दिमाग बदले तभी परिवर्तन स्वयं होगा। अदम्य ऊर्जा से भरे युवाओं का श्रम साध्य संकल्पों के अतिरिक्त समाज के भीतरी पर्तों को सशक्त व नवीकृत करने में योगदान देना चाहिए।




युवा मौजूदा समाज से दूर हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के विषय में आम धारणा है कि उसकी भौतिक अभिलाषा प्रबल है। लेकिन वर्तमान समय में बढ़ते फासलों ने समाज का ध्यान खींचा है । युवक–युवतियां नवीन तकनीक ज्ञान से पिछली पीढ़ी के मुकाबले संपन्न है। इस प्रकार स्वयं सेवकों ने स्वामी की अग्निमंत्र एवं कहानियां सुनाई तथा सभी ने स्वामी जी का मार्ग अनुसरण करने का संकल्प लिया।

## महाविद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन
## दिनांक-19.01.2018





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वार्षिकोत्सव 2017–18 के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वार्षिक क्रीडा प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया । उक्त प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन का उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के अध्ययन अध्यापन के साथ साथ उनमे बौद्धिक एवं शारीरिक कौशल क्षमता का निर्माण करना था जिसमें कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा एवं हुनर का प्रदर्शन किया । उक्त आयोजन के अंतर्गत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विधाओ मे निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.पूर्णिमा **निशाद, द्वितीय स्थान श्री ओशांक देवांगन एवं तृतीय** स्थान फलेन्द्र कुमार ने प्राप्त किया । नारा लेख एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.रोहिणी, द्वितीय स्थान कु.गंगा मलहोत्रा एवं **तृतीय स्थान श्री ओशांक** देवांगन ने प्राप्त किया । चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री योगेश कुमार, द्वितीय स्थान श्री अर्जुन सिंह एवं तृतीय स्थान कु.वैष्णवी गंजीर ने प्राप्त किया । वादविवाद **प्रतियोगिता में जिसका विशय "इस सदन की राय में शासन द्वारा अभ्यर्थियों का चुनाव** खर्च स्वयं वहन कर चुनावों में असीमित धन बल के प्रयोग को रोका जा सकता है" था **जिसमें प्रथम स्थान पक्ष में श्री चुम्मनलाल एवं द्वितीय स्थान वैश्णवी गंजीर ने प्राप्त किया** एवं विपक्ष में प्रथम स्थान कु.जानकी साहू एवं द्वितीय स्थान मो हसनैन रजा ने प्राप्त किया । "भारत में निर्वाचन प्रकिया" को दर्शाती प्रेरक रंगोली प्रतिस्पर्धा में महाविद्यालय की छात्रा कु.नफीसा खान ने प्रथम स्थान एवं कु.मुस्कान संचेती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मैं हूं भारत का भावी मतदाता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठि का आयोजन एवं मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ का वाचन-25.01.2018**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25 जनवरी 2018 को 8 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यकम का आयोजन किया गया । उक्त कार्यकम के मुख्य अतिथि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री खेमलाल सोरी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार श्री मनोज मरकाम उपस्थित थे । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के युवा मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र





के निर्माण में अपने बहुमूल्य वोट की महत्ता को दर्शाते हुए अपने मत का सही प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया । कार्यकम में उपस्थित तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री मनोज मरकाम ने मतदाता जागरुकता कार्यकम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को अधिक से अधिक जुड़कर अपने आसपास के लोगो को शतप्रतिशत मतदान हेतु युवा मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया । संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी ने महाविद्यालय म **वर्श भर संचालित** होने वाले मतदाता जागरुकता कार्यकम के बारे में परिचय दिया एवं इन कार्यकमों **में महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओ की सहभागिता की प्रशंसा की । तत्पश्चात् राश्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत् ऐसे छात्र–छात्राओ जो 18 **वर्श की उम्र पूर्ण** कर चुके है उन्हे नये युवा मतदाता के रुप में जुड़ने पर मतदाता परिचय पत्र का वितरण कर अतिथिगणों द्वारा स्वागत किया गया तथा उन्हे आगामी निर्वाचनो में अपने मत का सही उपयोग करने हेतु आह्वान किया गया ।

## नशा बंदी पर एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम (संगोष्ठी) का आयोजन दिनांक 30.01.2018



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थों जैसे तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं एवं जनसमुदाय में व्यापक जनजागरुकता विकसित करने के उद्देश्य से नशा बंदी पर एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम सह–संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।




उक्त कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता के रूप में धमतरी जिले के **वरिश्ठ एवं अनुभवी चिकित्सक** डॉ. महावर एवं नगरी के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. रूपनारायण पचौरी आमंत्रित थे। उक्त संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की । युवाओं में बढ़ती धुम्रपान एवं नशे की लत से युवाओं को जागरूक करते हुए आमंत्रित वक्तागणों द्वारा नशा बंदी मुहिम से जुड़कर स्वयं तथा समाज एवं जनमानस में व्याप्त बुराइयों एवं व्यसन से दूर रहने के लिये उपस्थित छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया गया।

**EXAM WARRIOR SPEECH BY H'ONABLE PM SHRI NARENDRA MODI**
**LIVE TELECAST IN THE COLLEGE CAMPUS**













*******